# मातृ मृत्यु दर में कमी लाने किये जाये कार्य :साकेत

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं बाल विकास विभाग की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में उन्होंने शिशु व मातृ मृत्यु दर, संस्थागत प्रसव, आरबीएसके कार्यक्रम सहित अन्य विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।**



बैठक में कलेक्टर ने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की मृत्यु पर कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। आईएमआर शिशु मृत्यु दर और एमएमआर मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और हाई रिस्क महिलाओं को चिन्हांकन और प्रबंधन किया जाए।

उन्होंने गर्भवती माताओं का एएनसी में शत प्रतिशत पंजीयन किये जाने, एसएनसीयू में भर्ती बच्चों का फॉलोअप लिया जाए। एनसीडी स्क्रीनिंग उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल एवं टीबी परीक्षण का कार्य शिविर लगाकर किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सेम एवं मेम बच्चों को एनआरसी भर्ती कराया जाए। इस हेतु महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करायें। बैठक में कलेक्टर ने कलेक्टर- कमिश्नर्स कान्फ्रें स के बिन्दुओं पर विस्तर से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत लक्ष्य निर्धारित कर हितग्राहियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि आंगनवाडी केन्द्रों में नियमित गतिविधियों का आयोजन कराया जाए। साथ ही बच्चों की उपस्थिति एक्सल शीट में दर्ज की जाए। आंगनवाडी केन्द्रों का भ्रमण कर विभिन्न बिन्दुओं पर निरीक्षण टीप अंकित की जाए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्रसेना भिड़े, सिविल सर्जन डॉ.भूपेन्द्र शेखावत, समस्त बीएमओ एवं संबंधित स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 72 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में जिलेभर में पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके परिणाम भी प्रतिदिन सामने आ रहे है। जहां पुलिस अवैध शराब के कारोबारियों पर कार्रवाई कर रहीं है, तो वहीं फिर भी जिले में अवैध शराब का कारोबार निरंतर जारी है। जिसके चलते पुलिस का प्रहार प्रतिदिन देखने को मिलता है। बुधवार को अवैध शराब के विरूद्ध ईसागढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 72 लीटर से अधिक शराब के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके वाहन को भी जब्त किया है।



दरअसल ईसागढ थाना प्रभारी उप निरीक्षक मीना रघुवंशी का सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध शराब को बेचने के फिराक में है और बाईक से जा रहा है। जिसके चलते थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित कर मोहचार-पिपरौदा के कच्चे रास्ते पर दबिश देते हुए रंजीत उर्फ रणजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह सिक्ख निवासी ग्राम पैरवा वार्ड क्रमांक 6 ईसागढ के कब्जे से दो प्लास्टिक की केनों में कुल 72.5 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जिसकी कीमती करीबन 10 हजार रूपये एवं शराब के परिवहन में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटर साईकल को जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ईसागढ उप निरीक्ष्क मीना रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक मनजीत त्रिवेदी, प्रधान आरक्षक अवनीश पाठक, मनोज कुमार,हरिसिंह रघुवंशी, दिनेश कुमार, आरक्षक विश्वनाथ सिंह, रूपेन्द्र तोमर, देवेन्द्र लोधी, अर्जुन शर्मा, महेश मांझी की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर में

### केंद्रीय मंत्री की तत्परता से बीमार युवक को तत्काल मिली एम्बुलेंस की मदद

**मुंगावली।** केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की एक मदद एक युवा के लिए वरदान साबित हुई, जिससे गंभीर घायल युवक को उपचार के लिए भोपाल भेजा गया। दअरसल नगर के आदर्श उम्र 25 साल एक दुकान पर अपने मित्र के साथ सामान ले रहे थे तभी उन्हें अचानक से चक्कर आ गया और वह जमीन पर गिर गयाख जिसे प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल भोपाल ले जाना था। मगर इतने जल्दी कोई वाहन उपलब्ध न होने के कारण उसके परिजन परेशान थे, जिसके बाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी और समाज के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल में एकत्रित हुए और फिर जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी ने इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को दी, जिस पर उन्होंने तत्काल ही एक एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई और इलाज के लिए भोपाल भेजा गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी ने बताया कि युवक को तत्काल उपचार की जरूरत थी जिसके बाद उनके द्वारा इस घटना की पूरी जानकारी सिंधिया को दी गई और उन्होंने तुरंत ही व्यवस्था कराई। साथ इस मामले में जब तक उक्त युवक को सही उपचार नहीं मिल गया तब तक वह उनके संपर्क में रहे और जानकारी लेते रहे । डाक्टरों की टीम से सभी जांच करी और जांच रिपोर्ट सभी नॉर्मल आई, जिसपर उक्त युवक के परिवार जन ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार माना।

### विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में एवं न्यायाधीश/सचिव मनीष अनुरागी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में बुधवार को बाल कल्याण समिति जिला अशोकनगर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, साथ ही किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य के साथ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजन किया गया। शिविर में किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम, 2015 के तहत देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों, छोड़े गए, अनाथ, दिए गए या खोए हुए बच्चों की सुरक्षा, उपचार आदि एवं एकीकृत बाल संरक्षण योजनांतर्गत संस्थाओं जैसे बालगृह, शिशु गृह तथा चाइल्ड लाइन के कार्यों की समीक्षा की गई। जिले में विगत एक वर्ष में बाल कल्याण समिति के द्वारा किए गए कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही शिशुगृह से दत्तक ग्रह में जा रहे बच्चों की भी विस्तृत जानकारी जिला बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष द्वारा दी गई। साथ ही समिति अध्यक्ष व उपस्थित सदस्यों से बच्चों के प्रति हिंसा, दुर्व्यवहार, उत्पीड़न, बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी जैसे मुद्दों पर चर्चा कर उक्त कानूनों के संबध में जानकारी भी प्रदान की गई।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर जिले भर में श्रद्धा सुमन अर्पित

**अशोकनगर।** एकात्म मानववाद के प्रणेता,भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में जिले भर के सभी 778 बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा मुंगावली विधानसभा के बूथ क्रमांक 151 पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मुंगावली में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। स्वदेशी की प्राथमिकता रखते हुए वह विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने के भी कतई खिलाफ नहीं थे। उनका मानना था कि स्वदेशी से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके बताएं मार्ग पर चलते हुए देश में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की भावना को लेकर चलते है।

# पुलिस ने बरामद किया तीन चोरियों का सोना

## इंदौर में एक रात में तीन जगह हुई थी चोरिया, जेल में बंद थे आरोपी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कदवाया थाना अंतर्गत ग्राम इंदौर में एक रात में तीन में घरों में हुई चोरियों का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपियों से चोरी गया सोना बरामद किया गया। दरअसल चोरी का यह सोना जिन आरोपियों के पास था, वह जेल में बंद थे, जिनसे पुलिस ने पूछताछ की और उनके बताये हुए स्थान पर जाकर पुलिस ने सोना को बरामद किया, जिस सोने को बरामद किया गया है, वह करीब डेढ लाख रूपये का बताया जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि ग्राम ईदौर में हुई चोरीयों के बारे में पुलिस को मुखबिर सूचना से सूचना मिली महावीर पारदी, संदीप पारदी और रामबाबू पारदी निवासी ग्राम बीलाखेडी जिला गुना राजगढ थाने के मामले में राजगढ जेल में बंद हैं। आरोपी से पूछताछ के लिए पुलिस न्यायालय से अनुमति लेकर आरोपी महावीर से जिला जेल राजगढ में पूछताछ की तो आरोपी ने अपने साथीयों मुरारी पारदी, रामबाबू पारदी और संदीप उर्फ सुमित पारदी के साथ 108 जननी वाहन के ड्राईवर वीरेन्द्र परिहार के साथ मिलकर चोरी की घटना घटित करना स्वीकार किया। बाद में न्यायालय के आदेश के पालन में आरोपीगणों महावीर पुत्र बाबू पारदी, संदीप उर्फ सुमित पारदी पुत्र बाबु पारदी, एवं रामबाबू पुत्र जगन्नाथ पारदी निवासी ग्राम बीलाखेडी को जिला जेल राजगढ से प्रोडक्शन वारंट पर न्यायालय पेश किया, बाद आरोपीगणों से पूछताछ हेतु पीआर पर थाना लाका विस्तृत पूछताछ पर की गई, जिसमें आरोपियों ने चोरी में हिस्से में आये रुपयों को खर्च करना बताया एवं बकाया चोरी मशरूका को ग्राम गढा जिला गुना के जंगल में नाले के पास छुपाना बताया। जिसके बाद पुलिस बताये स्थान पर पहुंच कर चोरी मशरूका एक सोने का पैंडल एवं एक सोने की अंगूठी कुल एक तोला सोना कीमती करीवन 1 लाख 40 हजार रूपये की जप्त किया गया एवं आरोपीयों को पुन: जिला जेल राजगढ दाखिल किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन, उप निरीक्षक मसीह खान, सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता (सायबर सेल), रामसिंह भील, प्रधान आरक्षक विनोद यादव, अरविंद रघुवंशी, रामसिंह, आरक्षक रवि राणा, धर्मेन्द्र दांगी, कमल किशोर, रमेश भील, अरशद अली, गजेन्द्र बघेल, शैलेन्द्र करण, शैलेन्द्र चौहान की अहम भूमिका रही।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में बनी खरीदारी पर सहमति

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला चिकित्सालय के उन्नयन के संबंध में विस्तर से चर्चा कर आवश्यक निर्देश एवं निर्णय लिये गये। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में कराये जाने वाले निर्माण कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करें। शासन स्तर से जो भी अनुमति लेना है,उसके लिए प्रस्ताव भेजे जाएं।

बैठक में चिकित्सालय की भण्डार शाखा एवं औषधि वितरण केन्द्र के सुचारू संचालन हेतु 2 कम्प्यूटर एवं 2 प्रिन्टर क्रय किये जाने, रिकार्ड रूम में रिकार्ड के सुरक्षित संधारण हेतु 20 हेवी रैक क्रय किये जाने, जिला चिकित्सालय में स्थापित वाटर कूलर्स के साथ आरओ (वाटर प्यूरीफायर) की स्थापना,भण्डार शाखा में औषधि एवं सामग्री के सुरक्षित भण्डारण हेतु 20 हेवी रैक क्रय किये जाने, स्वास्थ्य संस्था सुरक्षा समिति के दिशा-निर्देशानुसार चिकित्सालय भवन में सेन्ट्रलाईज्ड (केन्द्रीयकृत) कन्ट्रोल रूम की स्थापना एवं संचालन हेतु 03 एलईडी टीव्ही एवं अन्य सामग्री क्रय किये जाने, ब्लाईंड स्पॉट की पहचान कर 20 अतिरिक्त सीसीटीव्ही कैमरों की स्थापना, ऑडियोमेट्री मशीन के क्रय की अनुमति, स्टील अथवा मैटल की 3 सीटर 25 चेयर क्रय अथवा दान कराये जाने हेतु चर्चा कर निर्णय लिये गये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी, सिविल सर्जन आदि मौजूद रहे।

# समर्पण दिवस के रूप में मनाई दीनदयाल की पुण्यतिथी

**भाजपा ने जिलेभर में किया आयोजन**

**मुंगावली में नृसिंह मंदिर पर किया कार्यक्रम**

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भाजपा ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह आयोजन नगर के बूथ क्रमांक 151 के नृसिंह मंदिर पर आयोजित की गई जिसमें में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की गउपस्थिति रहे । कार्यक्रम में सर्व प्रथम पंडित दीनदयाल के चित्र पर जिला अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया, इस मौके पर जिला महामंत्री नरेश ग्वाल द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया, वही कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने आर्थिक शुचिता एवं स्वावलंबन हेतु समर्पण निधि 2026 के रशीद कट्टे भी पदाधिकारियों को दिए। इस मौके पर भाजपा जिला महा मंत्री नरेश ग्वाल, जिला मंत्री दीपक शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, मंडल महा मंत्री रामबाबू दुबे, उपाध्यक संतोष ओझा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत सिकरवार, अनु मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र जाटव, चंदेरी मंडल मंत्री संतोष लिटौरिया बंटी, पिपरई मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव लालू, विमल प्रजापति, अर्पित सोनी, आदित्य तोमर, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### मंडल के सभी बूथों पर मनाई पंडित दीनदयाल जी की पुण्यतिथि

**शाढ़ौरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल शाढ़ौरा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर पर मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष भूपेन्द्र दुबे, सतेंद्र चौरसिया,मंडल मंत्री शिवराज सिंह कुंदोरा, मनोज रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, विनय तिवारी, सुगन कुशवाह सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं सभी पदाधिकारीयों सभी पर बूथों पुण्यतिथि आयोजन कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

# शहर के लोकल यूथ सर्वेयरों ने सौंपा ज्ञापन

**आईडी कार्ड, मानदेय की मुख्य मांग**

**मांगे पूरी न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** लोकल यूथ महासंघ के बैनर तले स्थानीय यूथ सर्वेयरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शाढ़ौरा तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को बुधवार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री, भू-अभिलेख आयुक्त ग्वालियर तथा जिला कलेक्टर अशोकनगर के नाम संबोधित था। सर्वेयरों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं तो जिले में बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।





प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में लोकल यूथ महासंघ अशोकनगर के जिलाध्यक्ष विवेक यादव के मार्गदर्शन तथा तहसील अध्यक्ष दिलीप यादव के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर डीसीएस से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को रखा गया। सर्वेयरों ने बताया कि वे राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन करते हैं और किसान फसल गिरदावरी, फार्मर आईडी, भूमि केवाईसी सहित एसआईआर कार्य में सक्रिय सहयोग करते हैं। वहीं ज्ञापन में कहा गया कि सर्वेयरों को राजस्व विभाग के आदेशानुसार खेतों में 0 मीटर पर पहुंचकर फसल सर्वे करना पड़ता है। कई खेत गांव से दूर जंगल क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां जंगली जानवरों के हमले का खतरा बना रहता है। इसके अलावा तार फेंसिंग, झटका मशीन आदि के कारण भी सर्वे कार्य में बाधाएं आती हैं। कई बार कुछ कृषकों द्वारा अपमानजनक व्यवहार का सामना भी करना पड़ता है। सर्वेयरों ने शासन से मांग की कि सभी सर्वेयरों के आधिकारिक आईडी कार्ड जारी किए जाएं, खरीफ फसल 2025 की शेष गिरदावरी भुगतान राशि शीघ्र दी जाए, प्रत्येक सर्वेयर के लिए हेल्थ बीमा पॉलिसी लागू की जाए तथा सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, फसल संबंधी किसी भी दावा-आपत्ति की जांच मौके पर जांच दल की उपस्थिति में ही कर फसल परिवर्तन किया जाए। इस अवसर पर संगठन मंत्री राजा रघुवंशी, तहसील सचिव विकास राज रघुवंशी, महेश रघुवंशी, सुवेंद्र यादव, नीरज, सौरभ, रविंद्र यादव, देशराज कुशवाहा सहित अनेक सर्वेयर उपस्थित रहे।

**नवरात्रि** | **102 श्रद्धालुओं ने बनाए 11016 पार्थिव शिवलिंग**

# भगवान भोले शंकर को महिलाओं ने लगाए हल्दी-चंदन और उबटन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में शिव नवरात्रि एवं हिंदू लोक रीति रिवाज के अनुसार शिव विवाह महोत्सव किया जा रहा है। जिसके चलते जहां विवाह की रश्मे अदा की जा रही है। तो वहीं श्रद्धालुओं द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। जहां निर्माण के पाश्चात उनकी पूजा अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा की जाती है।



मंदिर के पुजारी श्री मिश्र ने बताया कि पंचम दिवस पर 102 श्रद्धालुओं ने अपने-अपने पत्रों में 11016 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। साथ ही शिव विवाह के पुरोहित पंडित महेंद्र मिश्रा ने विधिवत पूजन पांच उपचार से करवाया गया तथा महिलाओं ने भोले बाबा के हल्दी, चंदन लेपन कर चंदन उबटन लगाया और मंगल गीत गाए। तो वहीं पुजारी किशन लाल मिश्रा ने शिव पंचाक्षरी स्त्रोत का पाठ किया एवं सोडसो उपचार से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करवाया एवं हिंदू लोक रीत रिवाज से मंडप का सामान एकत्रित किया। जिसको हम विवाह में मरदार बोलते हैं मरदार पूजन किया गया। भोलेनाथ का आज चंदन लेपन किया गया, जिन भगवान शिव शंकर की पूजन करने से पांच देवताओं की अपने आप पूजन हो जाती है उनमें भगवान शिव के ऊपर गंगा की धार है, तो गंगा पूजन हो गया, भगवान शिव की माथे पर द्वितीय का चंद्रमा है, तो चंद्रमा की पूजन हो गई। भगवान शिव शंकर के गले में बासुकीनाग है तो उनकी भी पूजन हो गई। भगवान शिव शंकर की गले मे राहु का हार बना हुआ है उनकी भी पूजन हो गई। राहु ने भी अमृत पिया था, भगवान शिव अर्धनारीश्वर हैं तो माता पार्वती की भी पूजन हो गई, इस तरह से भगवान शिव शंकर को पूजते समय पांचो की पूजन हो जाती है।

वहीं पुजारी श्री मिश्रा ने आगे बताया कि कल देवाधिदेव महादेव के विवाह के निमंत्रण पीले चावलों से सभी देवी-देवताओं को दिए जाएंगे। पूजन के समय सभी देवताओं का सभी रिद्धी सिदियो का निमंत्रण किया जाएगा। अंत में शिव पार्थिव लिंग पात्रों का शिवलिंग की आकृति बनाकर महा आरती की गई।

# शिक्षक कर्मचारी संगठन ने कलेक्टर से की भेंट

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला स्तरीय शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नवागत कलेक्टर साकेत मालवीय से मुलाकात कर अपनी तीन प्रमुख मांगो को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है।





इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित कराने हेतु आदेश जारी किए जाएं, जिससे जिला स्तर पर कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण संभव हो सके। इसके साथ ही प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे पूर्व जन शिक्षकों के विद्यालयों में पदस्थापना आदेश शीघ्र जारी करने एवं उनके चार माह से लंबित वेतन का भुगतान कराने का निवेदन किया गया। तीसरी प्रमुख मांग के रूप में वर्ष 2001 में नियुक्त अध्यापकों की 24 वर्षीय क्रमोन्नति के आदेश, जो लगभग पांच माह से लंबित हैं, शीघ्र जारी करने की मांग रखी गई। ज्ञापन सौंपते हुए संगठनों ने बताया कि लंबित आदेशों के कारण शिक्षक-कर्मचारी मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं, जिससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीम सिंह यादव, राज अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे, राज अध्यापक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्षी दिलीप सिंह रघुवंशी, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष रमेश, राज्य कर्मचारी संघ के ब्लॉक सचिव मनोज चौरसिया सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।